# 'झोलाछाप' और 'लापरवाही' का काला गठजोड़: मासूम की मौत, प्रशासन सोता रहा!

सतना।

मझगवां में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का दम घुट रहा है। यहाँ कुपोषण और झोलाछाप डॉक्टरों के जानलेवा गठजोड़ ने 4 महीने की मासूम सुप्रांशी की जान ले ली है,जबकि उसका जुड़वा भाई नैतिक जिंदगी और मौत के बीच रीवा में जूझ रहा है।



यह महज एक मौत नहीं,बल्कि सरकारी तंत्र की उस 'अपराधपूर्ण उदासीनता' का नतीजा है,जिसने दो घरों के चिराग बुझा दिए। पथरा-सुरांगी क्षेत्र के ये जुड़वा बच्चे पिछले 15 दिनों से बुखार और डायरिया की चपेट में थे। शर्मनाक यह है कि 15 दिनों तक झोलाछाप डॉक्टर प्रेमलाल अनुरागी के पास 'मौत का इलाज' चलता रहा। 15 दिन, 5 चक्कर और हर बार बिगड़ती तबीयत-इसके बावजूद न तो किसी ने झोलाछाप की दुकान पर ताला जड़ा और न ही स्वास्थ्य विभाग की नींद टूटी।

### आंगनबाड़ी की घोर लापरवाही

जहाँ 'आशा' कार्यकर्ता नहीं थी,वहां आंगनबाड़ी की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। लेकिन सुपरवाइजर करुणा पांडेय और कार्यकर्ता पूजा पांडेय अपनी ड्यूटी भूलकर बच्चों को कुपोषण की आग में झोंकने का इंतजार करती रहीं। इन्हें अब कारण बताओ नोटिस थमाकर महज खानापूर्ति की जा रही है।

### झोलाछाप का 'अवैध साम्राज्य'

प्रशासन की कार्रवाई के बाद आरोपी प्रेमलाल अनुरागी के क्लिनिक से 100 तरह की दवाइयां तो मिल गईं, लेकिन सवाल यह है कि आखिर किसके संरक्षण में यह 'मौत की दुकान' बिना लाइसेंस के धड़ल्ले से चल रही थी? क्या जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह द्वारा जारी 'कारण बताओ नोटिस' एक बच्ची की जान की भरपाई कर सकता है? जिला प्रशासन ने एफआईआर और क्लिनिक सीज करके अपनी पीठ थपथपा ली है, लेकिन यह घटना साबित करती है कि जमीनी स्तर पर कुपोषण उन्मूलन के दावे केवल फाइलों तक ही सीमित हैं।

### तंत्र की विफलता का कच्चा-चिट्ठा

मासूमों को ढाई महीने की उम्र में लगने वाले अनिवार्य टीके तक नहीं लगे थे। स्वास्थ्य विभाग की कागजी सक्रियता का इससे बड़ा सबूत और क्या हो सकता है?

### क्या अब भी जागेगा स्वास्थ्य विभाग?

अगर समय रहते पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया जाता,तो शायद आज सुप्रांशी जिंदा होती। जिला अस्पताल से रीवा रेफर किए गए नैतिक के लिए अब पूरे जिले की प्रार्थनाएं हैं, लेकिन सवाल उस प्रशासनिक तंत्र से है,जो तब तक जागता नहीं,जब तक किसी मासूम की अर्थी नहीं उठ जाती।

## खदान में डूबने से मासूम की मौत: मुआवजे को लेकर फैक्ट्री गेट पर प्रदर्शन


**मैहर।** जिले में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है,जहाँ एक सीमेंट प्लांट की खुली खदान में जमा पानी में डूबने से 8 वर्षीय बालक रघुराज द्विवेदी की मौत हो गई। घटना गिरगिटा गांव की है,जहाँ मासूम अपने एक साथी के साथ नहाने के लिए खदान की ओर गया था। गहराई का अंदाजा न होने के कारण वह गहरे पानी में समा गया। साथ मौजूद बच्ची ने शोर मचाते हुए परिजनों को सूचना दी,लेकिन जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचे,देर हो चुकी थी। इस हादसे ने ग्रामीणों और परिजनों के आक्रोश को भड़का दिया। परिजनों ने सीमेंट फैक्ट्री प्रबंधन पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव को फैक्ट्री के मुख्य गेट पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों की प्रमुख मांगें पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक मुआवजा दिया जाए। भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए खदान के चारों ओर तारबाउंड्री की जाए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और प्रशासन द्वारा परिजनों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया जा रहा है,ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे।मामले की जांच जारी है कि सुरक्षा मानकों में



## खबर संक्षेप

### अमरपाटन में दीवार गिरने से एक ही परिवार के 4 लोग घायल





**सतना।** अमरपाटन में क्षेत्र के कुम्हारी गांव से एक बड़े हादसे की खबर आ रही है,जहाँ एक कच्चे मकान की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। इस हादसे के वक्त घर में मौजूद एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग मलबे की चपेट में आ गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए मलबे को हटाया और दबे हुए लोगों को बाहर निकाला।हादसे में परिवार के 4 सदस्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी घायलों को तुरंत उपचार के लिए अमरपाटन सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहाँ उनका इलाज जारी है।

### कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, चालक घायल



**सतना।** बरौधा थाना क्षेत्र के भियामऊ में आज एक तेजरफ्तार कार का कहर देखने को मिला। अनियंत्रित कार ने एक ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी,जिससे ई-रिक्शा का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे गहरी खाई में जा गिरा। इस भीषण टक्कर में ई-रिक्शा सवार को गंभीर चोटें आई हैं। राहगीरों की मदद से घायल को अस्पताल पहुँचाया गया। घटना के बाद मानवता को शर्मसार करते हुए कार चालक मौके से वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गाय से टकराकर बाइक सवार लहूलुहान

**सतना।** कोटर-सतना मार्ग पर सड़क हादसों का सिलसिला थम नहीं रहा है। आज मंगल सिंह की अहरी के पास एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार सड़क पर बैठी गाय से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार उछलकर सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल भेजा गया है। आवारा पशुओं के कारण सड़क पर लगातार बढ़ रहे हादसों को लेकर स्थानीय लोगों में रोष है।

### कलेक्टर ने 'सभा संवाद' के जरिए परखी स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत



**मैहर।** कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी ने जिले के विकास और शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक नई पहल 'सभा संवाद' कार्यक्रम की शुरुआत की है। गुरुवार को मां शारदा ऑडिटोरियम (एकलव्य आवासीय विद्यालय) में आयोजित इस कार्यक्रम के प्रथम चरण में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने मैहर तहसील के सेक्टर सुपरवाइजर, सीएचओ,जैन एम,और आशा-ऊषा कार्यकर्ताओं के साथ वन-टू-वन चर्चा की। इस संवाद का मुख्य उद्देश्य कागजी आंकड़ों के बजाय जमीनी स्तर पर आ रही चुनौतियों को समझना और योजनाओं की वास्तविक प्रगति जानना था। चर्चा के दौरान मुख्य रूप से गर्भवती महिलाओं का पंजीयन प्रथम तिमाही में शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करना। हाई रिस्क प्रेग्नेंसी का चिन्हांकन,गृह भेंट,और टीकाकरण की स्थिति। टीबी और गैर-संचारी रोगों की समय पर जांच।

## मुंडन मुहूर्त पर मां शारदा मंदिर में उमड़ी भीड़, यातायात व्यवस्था चरमराई





मैहर। .

अधिष्ठात्री देवी मां शारदा के दरबार में गुरुवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। मुंडन संस्कार के विशेष शुभ मुहूर्त होने के कारण मध्य प्रदेश ही नहीं,बल्कि पड़ोसी राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने बच्चों का मुंडन कराने पहुंचे। भारी जनसमूह के कारण मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पैर रखने की जगह नहीं बची। श्रद्धालुओं की इस भारी आमद का सीधा असर शहर की यातायात व्यवस्था पर पड़ा। मंदिर मार्ग और फॉरेस्ट बैरियर जैसे प्रमुख बिंदुओं पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं,जिससे कई घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही। यातायात को सुचारू बनाने के लिए चौकी प्रभारी रंजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

### प्रशासनिक व्यवस्थाएं

वाहनों को भीड़भाड़ वाले इलाके से दूर निर्धारित पार्किंग स्थलों पर रुकवाया गया। श्रद्धालुओं को कतार बद्ध तरीके से दर्शन कराने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया। पुलिस द्वारा लाउडस्पीकर के माध्यम से लगातार यातायात नियमों के पालन की अपील की गई। भारी भीड़ के बावजूद पुलिस और मंदिर प्रबंध समिति की मुस्तैदी से स्थिति को नियंत्रण में रखा गया,ताकि श्रद्धालुओं को सुलभ दर्शन हो सकें।

## करंट फैलाकर मछली पकड़ना पड़ा भारी: नाबालिग की मौत के मामले में आरोपी गिरफ्तार

मैहर।

पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह एवम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.चंचल नागर के निर्देशन में व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अमरपाटन ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ताला निरीक्षक महेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।थाना ताला अंतर्गत ग्राम कस्तरा निवासी विशेषर कोल द्वारा चौकी मुकुन्दपुर में सूचना दी गई कि उसके पुत्र विकाश कोल की मृत्यु मुरजुआ नाला,अष्टभुजी माता मंदिर मुकुन्दपुर के पास करंट लगने से हो गई है। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी कमलेश कोल पिता मइका कोल,उम्र 55 वर्ष,निवासी ग्राम कस्तरा द्वारा



मछली पकड़ने के उद्देश्य से अवैध रूप से विद्युत ट्रांसफार्मर से तार जोड़कर नाले के पानी में करंट प्रवाहित किया गया था। विकाश कोल उक्त स्थान से गुजरते समय विद्युत तार की चपेट में आ गया,जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। मर्ग जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों एवं गवाहों के कथनों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध धारा 105 बीएनएस एवं म.प्र.विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना ताला पुलिस द्वारा त्वरित कार्वाई करते हुए आरोपी कमलेश कोल (उम्र 55वर्ष),निवासी ग्राम कस्तरा,थाना ताला,जिला मैहर को गिरफ्तार किया गया।



## शंकराचार्य जयंती पर वेद मंत्रों से गुंजायमान हुआ धवारी

**सतना।** पुरी शंकराचार्य शिष्य परिवार द्वारा महादेवा नंदपुरी कालोनी में शिवावतार भगवत्पाद आद्यशङ्कराचार्य जी के 2533 वां प्राकट्य महोत्सव के पुण्यमय शुभ अवसर पर संगोष्ठी आयोजित किया गया मुख्य अतिथि पूज्य गुरुदेव के सबसे पुराने शिष्य पं महेंद्र नारायण मिश्रा रहें वेदमंत्रो के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर भगवत्पाद आदि शंकराचार्य भगवान व पूज्य गुरुदेव भगवान का विधि-विधान से पूजन किया गया जिसमें श्री गोवर्द्धन मठ पुरीपीठाधीश्वर श्रीमज्जगदगुरु शङ्कराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वती जी महाभाग के सभी शिष्य की सहभागिता रही तत पश्चात श्री मिश्रा का शाल ओढ़ाकर का साहित्य भेंटकर स्वागत किया गया। श्री मिश्रा बताया आदि शंकराचार्य जी ने भारतवर्ष में सुप्त हो चुकी आध्यात्मिक चेतना को पुनः जागृत कर उसे एक नई दिशा दी। उनके अथक प्रयासों और पदयात्राओं के कारण ही आज वर्तमान में हिंदू धर्म और उसके शास्त्र सुरक्षित व जीवंत हैं। लौकिक एवं परलौकिक उत्कर्ष की प्राप्ति के लिए उनके द्वारा दिखाये गये धार्मिक-आध्यात्मिक मार्ग का अवलम्बन अवश्यम्भावी है। उन्होंने देश में चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना कर पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में बाँधा।

## कुपोषण और लापरवाही पर बड़ी कार्वाई मझगवां में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सेवा से बर्खास्त

सतना।

मझगवां क्षेत्र के महतैंन अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-1 (कैमहा) में एक बच्चे की दुखद मृत्यु के मामले में प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। लापरवाही और कर्तव्यों के प्रति उदासीनता बरतने के आरोप में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जनकलली वर्मा को तत्काल प्रभाव से पद से पृथक(बर्खास्त) कर दिया गया है।



### क्या है पूरा मामला?

कैमहा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चे की मौत के बाद स्थानीय स्तर पर हड़कंप मच गया था। हालांकि, महिला एवं बाल विकास विभाग ने आधिकारिक रूप से इसे कुपोषण से हुई मौत मानने से इनकार किया है,लेकिन बच्चे की मृत्यु के उपरांत बरती गई लापरवाही और केंद्र के संचालन में खामियां पाए जाने पर विभाग ने कार्यकर्ता के खिलाफ यह अनुशासनात्मक कार्रवाई की है।

### रीवा जेडी ने लिया संज्ञान

घटना की गंभीरता को देखते हुए रीवा संभाग की संयुक्त संचालक डॉ.अवधिया ने स्वयं मौके का जायजा लिया। वे सुरंगी (पथरा) पहुंचीं,जहां उन्होंने मृत बच्चे के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने पूरे मामले की विस्तृत जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को मामले की गहन समीक्षा करने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने किया उचेहरा जनपद के पठारी अंचल का निरीक्षण पेयजल व्यवस्था पर फोकस करने, अधिकारियों को दिए निर्देश



सतना।

जिले में ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट की संभावनाओं को देखते हुए कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने गुरुवार को उचेहरा जनपद पंचायत के पठारी अंचल के विभिन्न ग्रामपंचायतों का सघन भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जमीनी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पेयजल आपूर्ति,हैंडपंपों की स्थिति,जलस्त्रोतों की उपलब्धता तथा टैंकर आपूर्ति जैसी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। ग्राम पंचायत उरई चुआं के सघन निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गांव में पूर्व से स्थापित बोरवेल में जल स्तर गिरने से समीप ही स्पाट सोर्स की पानी की टंकी बनाकर जल वितरण कराने के निर्देश दिये। इसके अलावा गांव के तालाब में वाटर रिचार्ज संरचना बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये। गांव का एक अन्य तालाब में सैंड स्टोन के कारण सीपेज का पानी को रोकने तकनीकी अधिकारियों को परीक्षण करने के निर्देश भी दिये। उरई चुआं के एक अन्य हैण्डपंप में पर्याप्त पानी की उपलब्धता पर पेयजल के अनुकूल नहीं होने से इस पानी का उपयोग गांव में हौदी बनाकर पशुओं के पेयजल और निस्तार के कार्यो में करने की सलाह दी।

## वनांचल में गूँजी संरक्षण की गूँज: आदिवासियों ने वन विभाग को सौंपे 10 हजार 'सीद बॉल'

सतना।

जनपद पंचायत मझगवां के वनांचल क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण की एक अनूठी और गौरवशाली तस्वीर सामने आई है। ग्राम बांका में जय बिरसा मुंडा ग्रामीण विकास एवं शोध समिति द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में स्थानीय आदिवासियों ने वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को 10,000 सीड बॉल (बीज गेंद) भेंट किए। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ.पी.सी. दुबे उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में मुख्य वन संरक्षक (रीवा वृत्त) राजेश राय,वन मंडल अधिकारी सतना मयंक चांदीवाल और उप वन मंडल अधिकारी चित्रकूट अभिषेक तिवारी शामिल हुए।ग्रामीणों ने अतिथियों का स्वागत पारंपरिक महुआ के पौधे,सीड बॉल और मोर पंख के 'विजना' भेंट कर किया।





### संरक्षण और स्वरोजगार का संगम

समिति की अध्यक्ष और जनपद सदस्य श्रीमती सोना बाई सिंह गोंड ने बताया कि आदिवासी समुदाय पिछले दो वर्षों से न केवल जल संरक्षण कर रहा है,बल्कि जंगलों को आग से बचाने के लिए महुआ के पेड़ों के आसपास विशेष साफ-सफाई भी कर रहा है। नर्सरी में बांका में 251 पौधे लहलहा रहे हैं और 85 हजार पौधों की नर्सरी तैयार की जा रही है,जिससे स्थानीय रोजगार बढ़ेगा। जल और मृदा संरक्षण से वनोपज की पैदावार में सुधार हुआ है। डॉ.पी.सी.दुबे ने एक ही प्रजाति के समूह में पौधारोपण करने की तकनीकी सलाह दी ताकि उनका विकास बेहतर हो सके। वन विभाग ने ग्रामीणों के इस निस्वार्थ प्रयास की सराहना करते हुए समिति को 10,000 रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की।

## खबर संक्षेप

### छिर्रहा बांध में डूबे 12 वर्षीय बालक का शव बरामद, एसडीईआरएफ की कड़ी मेहनत लाई रंग



**पवई।** थाना पवई अंतर्गत ग्राम करही के समीप स्थित छिर्रहा बांध में डूबे 12 वर्षीय बालक का शव गुरुवार को बरामद कर लिया गया। घटना के बाद से ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवम चौधरी (12) पिता बृजेश चौधरी, निवासी करही, बुधवार दोपहर लगभग 12 बजे अपने साथियों के साथ बांध में नहाने गया था।नहाते समय अचानक तेज हवा के कारण वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन एवं ग्रामीण मौके पर पहुंचे और स्थानीय स्तर पर तलाश शुरू की, परंतु सफलता नहीं मिलने पर पवई पुलिस एवं एसडीईआरएफ टीम को सूचना दी गई। सूचना पर उप निरीक्षक सत्यपाल जैन के नेतृत्व में एसडीईआरएफ की टीम दोपहर लगभग 2 बजे मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन पहले दिन सफलता नहीं मिल पाई। गुरुवार सुबह एक बार फिर सघन तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग 20 से 21 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बालक का शव बरामद किया गया। पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, जहां से अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया गया। इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### 55 वर्षीय अधेड़ ने मोबाईल टावर पर फांसी लगाकर दे दी जान



**पन्ना।** शाहनगर मुख्यालय के बोरी रोड़ स्थित एक निजी कंपनी के मोबाईल टावर पर चढकर 55वर्षीय अधेड़ ने नायलोन की रस्सी से लटककर अपनी जॉन दे दी। मामले की परिजनों को जब लगी जब गूरूवार की सुबह तड़के 5 बजे पड़ोसी शौच के लिये घर से निकले तो म्रतक के जूते और तौलिया और प्लास्टीक का ड़िब्बा टावर के नीचे पाये गये और म्रतक नत्थू प्रजापति पिता धम्मु प्रजापति टावर मे 3फुट ऊपर लटका हुआ था परिजनो ने तत्काल सूचना शाहनगर पुलिस को दी जानकारी मिलते ही टीआई परसुराम ड़ाबर प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र हरदिनिया आरक्षक राकेश सिंह ऐश्वर्य प्रताप सिंह और सोहन भिलाला मौके स्थल पर पहूचे और पंचनामा कार्यवाही उपरांत पाई गयी आवश्यक म्रतक से जुड़ी चीजों को जप्त कर शव का परिक्षण किया गया जहा जेब मे टेबलेट का पत्ता भी पाया गया है ततपश्चात शव को मर्चुरी केन्द्र ले जाया गया जहां डॉ सर्वेश लोधी ने पीएम कार्यवाही की पुलिस ने लाश परिजनो को सोप दी म्रतक के परिजनों ने पुलिस से बताया की लम्बे अर्से से बीमार म्रतक चल रहा था जिसका ईलाज जबलपुर के एक निजी हास्पीटल में चल रहा था।

# वन सुरक्षा श्रमकों ने गश्त के दौरान ट्रेक्टर-ट्राली अवैध परिवहन कर पत्थर ले जाने से रोका

ट्रेक्टर मालिक को चालक द्वारा सूचना पर जहां लखन लाल पाण्डेय उर्फ छोटा मुन्ना तथा सोलू पाण्डेय पिता लखन पाण्डेय द्वारा ट्रेक्टर छुड़ाने का आरोप वहीं परिक्षेत्र सहायक सहित सभी के साथ अभद्रता को लेकर थाना अजयगढ़ में पहुंचकर रिपोर्ट की दास्तां चर्चा में वहीं ट्रेक्टर के चालक के द्वारा भी इस घटना में जयकरण अहिरवार पिता रामेश्वर अहिरवार ने भी संबंधित डिप्टी रेंजर महीप रावत व वन रक्षक रामखगेस पटेल एवं दो चौंदार पप्पू पटेल तथा परशु पटेल को लेकर रिपोर्ट थाना अजयगढ़ में करने के लिये दिया आवेदन। मामला जहां दोनों पक्षों की तरफ से अब थाना अजयगढ़ में एफआईआर के लिये आवेदनों को लेकर पुलिस के द्वारा क्या कार्यवाही किस पक्ष को लेकर की जायेगी यह तो आगे आने वाला समय ही बयां करेगा।

**पन्ना।** ट्रेक्टर के अवैध परिवहन को लेकर वन परिक्षेत्र धरपुर अंतर्गत बीट पिष्टा में लगभग 11 बजे परिक्षेत्र सहायक देवगांव महीप रावत वहीं कार्यवाहक वनपाल बीटगार्ड रामखगेस पटेल पिष्टा बीट व वन रक्षक सुरक्षा श्रमिकों के साथ जब गस्त कर रहे थे तभी आप लोगों ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये बयां किया है कि एक ट्रेक्टर-ट्राली पत्थर लिये हुये मिला जिसको स्टाफ द्वारा रोकने का प्रयास किया गया। लेकिन ट्रेक्टर तेज स्पीड से आगे निकल गया तभी वन स्टाफ ने पीछा करते हुये बीट सिल्हाई के कक्ष क्र0 26 वृक्षारोपण के आगे ट्रेक्टर को रूकवाया तथा पत्थर परिवहन के संबंध में वाहन चालक से पूंछतांछ की गई तो उसने अपना नाम जयकरण अहिरवार पिता रामेश्वर अहिरवार निवासी देवपुर होना बताया। वाहन चालक ने पत्थर पत्थर परिवहन के संबंध में कोई दस्तावेज मेरे पास नहीं है यह बताया यह पत्थर पिष्टा के जंगल से लखन लाल पाण्डेय उर्फ छोटा मुन्ना के कहने से लाया हूँ। वन स्टाफ द्वारा ट्रेक्टर को रोककर अवैध परिवहन संबंधी कार्यवाही पत्थर को लेकर की जा रही थी तभी कार्यवाही के दौरान सोलू पाण्डेय पिता लखन पाण्डेय उर्फ छोटा मुन्ना निवासी पिष्टा का आना बताया गया। वहीं परिक्षेत्र सहायक महीप कुमार रावत व वनपाल पिष्टा रामखगेस पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति में आरोप लगाया कि अभद्र गालियां देकर मौके से लखन लाल पाण्डेय उर्फ छोटा मुन्ना ने ट्रेक्टर की चाबी



और मोबाइल छीन लिया परिक्षेत्र सहायक व बीटगार्ड पिष्टा को गालियां देते हुये मोबाइल फैंक कर जबरजस्ती पत्थर से भरे ट्रेक्टर-ट्राली को मौका स्थल से करतल रोड की तरफ ले जाने का आरोप लगाया वहीं मामले की रिपोर्ट में थाना अजयगढ़ में संबंधित वन अमले के द्वारा किये जाने की कार्यवाही चर्चा में है। इतना ही नहीं वहीं यह ट्रेक्टर कहीं न कहीं कांग्रेस नेता भरत मिलन पाण्डेय के भाई व भतीजे को लेकर बताया जा रहा है। जहां भरत मिलन पाण्डेय के ऊपर भी वन अमले ने आरोप लगाया है साथ ही दूसरे पक्ष की बात करें तो ट्रेक्टर चालक जयकरण अहिरवार पिता रामेश्वर अहिरवार ग्राम पिष्टा में पुलिस थाना अजयगढ में आवेदन दिया जिसमें उल्लेख किया है कि 11 बजे देवपुर पिष्टा से भारतपुर ट्रेक्टर लेकर जा रहा था तभी रास्ते में डिप्टी रेंजर महीप रावत व वन रक्षक रामखगेश पटेल व दो चौकीदार पप्पू पटेल एवं परशु पटेल ने आवाज देकर कहा गाली का उल्लेख साथ चमरा भी कहा जा रहा था ट्रेक्टर को रोका प्रार्थी द्वारा आवाज सुनकर ट्रेक्टर खड़ा कर दिया गया तभीर चारों एक राय होकर लाठी डण्डों से गालीदेते हुये जान से खत्म कर दूंगा का आरोप लगाया है। यह मामला भी चालक ने अपनी फरियाद आवेदन के साथ अजयगढ़ थाने में दी है इस तरह से जहां एक तरफ वन अमले ने अपनी कार्यवाही के साथ थाना अजयगढ़ में अपनी फरियाद आवेदन के माध्यम से की है कार्यवाही को लेकर वहीं ट्रेक्टर चालक ने भी वन अमले के खिलाफ अपनी फरियाद थाना अजयगढ़ में आवेदन के माध्यम से की है देखना यह है कि जहां अजयगढ़ पुलिस दोनों आवेदनों पर पड़ताल के बाद क्या कार्यवाही करेगी यह तो आगे आने वाला वक्त ही तय करेगा। यह मामला कहीं न कहीं कांग्रेस नेता भरत मिलन पाण्डेय से जुड़ा हुआ है जिसके कारण भी चर्चा में है अब देखना यह है कि कार्यवाही आगे पुलिस के द्वारा किस तरह से की रही है।

## साइबर अपराधों की रोकथाम एवं प्रभावी जांच हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल पन्ना मे आयोजित उक्त प्रशिक्षण मे 50 से अधिक विवेचना अधिकारी एवं कर्मचारी हुये शामिल



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में आज पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल, पन्ना में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं प्रभावी विवेचना के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले के समस्त थाना प्रभारियों सहित 50 से अधिक विवेचकों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधोंकृजैसे सोशल मीडिया दुरुपयोग, ऑनलाइन ठगी, बैंक फ्रॉड, डिजिटल पहचान चोरी, फिशिंग आदिकृकी त्वरित एवं प्रभावी जांच सुनिश्चित करना तथा विवेचकों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाना रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में साइबर हेल्पडेस्क की स्थापना की जा चुकी है, जिससे आमजन की शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। उक्त प्रशिक्षण में जिला साइबर टास्क फोर्स के कर्मचारी आशीष अवस्थी, धर्मेन्द्र सिंह आर. राहुल पाण्डेय, नितिन नवराज, द्वारा अधिकारियों को साइबर अपराधों की तकनीकी जांच, डिजिटल साक्ष्य के संकलन, संरक्षण एवं विश्लेषण की विधि तथा आवश्यकतानुसार उच्च स्तरीय एजेंसियों से समन्वय स्थापित करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में विभिन्न महत्वपूर्ण पोर्टलों के उपयोग संबंधी प्रशिक्षण भी दिया गया, जिनमें मोबाइल ट्रेसिंग हेतु सी.ई.आई.आर. (ब्म्प्त) पोर्टल, साइबर ठगी से संबंधित शिकायतों के लिए एन.सी.आर.पी. (छब्त्च्) पोर्टल तथा अन्य राज्यों से समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्रवाई हेतु सी.आई.ए.आर. (ब्प्।त्) पोर्टल शामिल हैं। इन पोर्टलों के माध्यम से विवेचक अब साइबर अपराधों की त्वरित जांच एवं धनराशि फ्रीज/रिकवरी जैसी कार्यवाही समयबद्ध रूप से कर सकेंगे। कार्यशाला के दौरान अधिकारियों को यह भी अवगत कराया गया कि डपदपेजतल व्‌िवउम ।ििपते द्वारा छंजपवदंस ब्लइमत ब्तपउम त्मचवतजपदह च्वतजंस (छब्त्च्) पर 01 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी से संबंधित शिकायतों में ई-एफआईआर (म-थ्प्त्) दर्ज करने का प्रावधान लागू किया गया है। इस व्यवस्था के अंतर्गत यदि पीड़ति द्वारा पोर्टल पर 1 लाख रुपये से अधिक की धनराशि की ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज की जाती है, तो संबंधित प्रकरण स्वतः संबंधित राज्य/जिला पुलिस को अग्रेषित होता है तथा त्वरित विधिक कार्यवाही प्रारंभ की जा सकती है। अधिकारियों को ई-एफआईआर की प्रक्रिया, शिकायत के सत्यापन, प्रारंभिक जांच, संबंधित बैंक खातों को तत्काल फ्रीज कराने, डिजिटल साक्ष्य संकलन तथा समयबद्ध विवेचना के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रावधान से गंभीर साइबर वित्तीय अपराधों में शीघ्र कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित होगी एवं पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान करने में सहायता मिलेगी। प्रशिक्षण प्राप्त अधिकारियों द्वारा बैंक खातों, यूपीआई, एटीएम फ्रॉड, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग एवं अन्य ऑनलाइन धोखाधड़ी से संबंधित मामलों में तत्काल तकनीकी कार्यवाही संभव हो सकेगी। कार्यशाला के दौरान साइबर फ्रॉड की पहचान करने की तकनीक, डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखने की प्रक्रिया, फॉरेंसिक जांच की मूलभूत जानकारी, राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल के उपयोग तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया का भी व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। वास्तविक प्रकरणों की केस स्टडी के माध्यम से अधिकारियों को व्यावहारिक दृष्टिकोण से भी प्रशिक्षित किया गया। पन्ना पुलिस जनता की सुरक्षा के प्रति सदैव सजग है एवं डिजिटल युग में नागरिकों को सुरक्षित एवं भरोसेमंद वातावरण प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। नागरिकों से अपील है कि साइबर अपराध से संबंधित किसी भी घटना की सूचना तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा अपने नजदीकी थाना के साइबर हेल्पडेस्क पर दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

## ग्राम चांपा में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**देवेंद्रनगर।** देवेंद्रनगर तहसील अंतर्गत ग्राम चांपा में धार्मिक माहौल के बीच श्रीमद्भागवत कथा की बैठकी का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया। भक्तों ने सिर पर कलश धारण कर पूरे ग्राम में भ्रमण करते हुए पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।इस पावन अवसर पर मथुरा-वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित बृजमोहन शास्त्री जी के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है। कथा के प्रथम दिवस पर भगवान की महिमा, भक्ति और प्रेम जीवन के आदर्शों का सुंदर वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। यह श्रीमद्भागवत कथा 23 अप्रैल से प्रारंभ होकर 1 मई तक चलेगी। समापन अवसर पर 1 मई को विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं से शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की



गई है।इस धार्मिक आयोजन के आयोजक केशकली रमेश उपाध्याय, ज्योति नितेश उपाध्याय, वर्षा रज्जन उपाध्याय एवं महालक्ष्मी पंकज उपाध्याय हैं, जिनके द्वारा पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन किया जा रहा है।ग्राम चांपा में आयोजित इस कथा से क्षेत्र में भक्ति का वातावरण व्याप्त है और प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण हेतु पहुंच रहे हैं। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।

## देवेंद्रनगर पुलिस की बड़ी सफलता, ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुणे से नाबालिक बालिका सकुशल किया बरामद




**देवेन्द्रनगर।** गुरुवार को दोपहर 12 बजे देवेंद्रनगर पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि पन्ना पुलिस द्वारा चलाए जा रहे “ऑपरेशन मुस्कान” के तहत थाना देवेंद्रनगर पुलिस ने सराहनीय कार्यवाही करते हुए पुणे (महाराष्ट्र) से एक गुम नाबालिक बालिका को सकुशल बरामद किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक संतोष सिंह यादव के नेतृत्व में की गई। थाना देवेंद्रनगर में दर्ज अपराध के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बालिका को सुरक्षित खोज निकाला और विधिवत परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इस सफल कार्रवाई पर परिजनों ने पुलिस टीम का आभार जताया। इस अभियान में एएसआई बृजमोहन सिंह, प्रधान आरक्षक शिव स्वरूप तिवारी, आरक्षक ब्रजेंद्र रैकवार, महिला आरक्षक दिव्या सिंह एवं साइबर सेल पन्ना की टीम की विशेष भूमिका रही।

## छत्रसाल शिक्षा महाविद्यालय देवेंद्रनगर में दबंगो ने कॉलेज परिसर में की तोड़फोड़

पन्ना। थाना देवेंद्रनगर क्षेत्र अंतर्गत विरवाही मार्ग पर स्थित छत्रसाल शिक्षा महाविद्यालय में दबंगियों द्वारा जेसीबी मशीन लेकर कॉलेज परिसर के अंदर तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया हैं। दबंगों ने जबरन कालेज की बाउंड्रीबाल,बोर्ड तोड़कर एवं खेल के मैदान में गड्ढा कर दिया गया। एवं लगातार कॉलेज प्रबंधन एवं कर्मचारियों को धमकी दी जा रही हैं जिससे भय का वातावरण बनाया गया। गौरतलब हैं कि पूर्व में भी दबंगों द्वारा इसी प्रकार से तोड़फोड़ और अभद्रता किए जाने को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद कॉलेज प्रबंधन ने देवेंद्रनगर थाना में दिनांक 23 सितंबर 2023 को एफआईआर क्रमांक 0290 धारा 294, 323, 452, 427, 506, 34 आईपीसी के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कराया गया था। बाबजूद इसके आरोपियों में कानून का कोई डर नहीं हैं। उन्होंने आज पुनः घटना को अंजाम दिया जिसके बाद कॉलेज की ओर से 112 नम्बर पर कॉल कर सूचना दी गई। वहीं छत्रसाल शिक्षा महाविद्यालय के सचिव मोहम्मद आसिफ ने थाना प्रभारी संतोष सिंह यादव से इस पूरी घटना की जांच कराने एवं




दबंगियों भागवत विश्वकर्मा एवं शिवबालक नायक पर कार्यवाही करने की मांग की गई है जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटना न हों। ग़ौरतलब है कि महाविद्यालय देवेंद्रनगर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित है यहाँ भूमाफिया द्वारा अवैध कॉलोनी का निर्माण कराया जा रहा है । इन भूमाफिया द्वारा कुछ समय पूर्व देवेंद्रनगर के झीरियन मंदिर के पास नहर व शासकीय भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया गया था जिसके विरुद्ध जिला प्रशासन ने कार्यवाही की थी।

## अमानगंज जाम से बेहाल, रेंगते वाहन बेबस राहगीर; जिला प्रशासन कटघरे में

**अमानगंज।** यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि दिनभर मुख्य सड़कों पर जाम लगा रहता है और वाहन चलने के बजाय रेंगते नजर आते हैं। इससे न केवल राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बनी हुई है।नगर के प्रमुख बाजार और संकरे मार्गों पर स्थिति सबसे ज्यादा गंभीर है। सड़क किनारे फैले अतिक्रमण, अवैध ठेले-गुमटियां और मनमानी पार्किंग ने रास्तों को सिकोड़ दिया है। नतीजा यह कि आम लोगों का निकलना तक मुश्किल हो गया है, जबकि एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाएं भी जाम में फंसकर



रह जाती हैं।स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन प्रशासन की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। कभी-कभार की दिखावटी कार्रवाई के बाद हालात फिर जस के तस हो जाते हैं।सबसे बड़ा सवाल जिला प्रशासन की भूमिका को लेकर खड़ा हो रहा है। जब समस्या लगातार बढ़ रही है, तो जिम्मेदार अधिकारी आखिर क्यों मौन हैं? क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है?नगरवासियों ने मांग की है कि अतिक्रमण हटाने के लिए सख्त अभियान चलाया जाए, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए स्थायी योजना बनाई जाए और लापरवाह लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।फिलहाल, अमानगंज की सड़कों पर पसरा यह जाम प्रशासनिक उदासीनता की कहानी बयां कर रहा है—और जनता रोज इसकी कीमत चुका रही है।

## अज्ञात कारणों से उठी आग ने जला दिया गरीब का आशियाना

**गृहस्थी हुई खाक में तब्दील, मौके पर पुलिस और हड्रेड डायल के जवानों ने संभाला मोर्चा**



**पन्ना।** शाहनगर थाना क्षेत्रांतर्गत पुरैना गांव मे बीते रोज बुधवार की दरम्यानी रात्रि 12रू30पर 100ड़ायल पुलिस वाहन पर इवेन्ट आया की साहब बचा लो घर मे भयंकर आग लग गयी है 100ड़ायल के स्टाप ने जानकारी शाहनगर थाना प्रभारी परसुराम ड़ाबर को दी जानकारी मिलते ही तत्काल आरक्षक ब्रजभान बागरी और वाहन पायलेट अफजल अली 100ड़ायल का स्टॉप मौके पर पहूंचा जहा फरियादी मुन्नी लाल आदिवासी पिता सुम्मा लाल आदिवासी के घर मे भयंकर आग ने पूरे घर को अपनी आगोश मे ले लिया था आनन फानन में तत्काल पुरैना सरपंच और ग्रामिणों की मदद से पेयजल टंकी से पाईप लाइन लाकर आग पर काबु पाया गया गनीमत रही की घर के अन्दर जो लोग सो रहे थे तेज लपटों का प्रवेश होते ही उठकर भाग खड़े हुये पर कपड़े समान और गहने पैसे सब जलकर खाक हो गये आग किस वजह से लगी है कारण पता नहीं चल पाया पटवारी ने आगजनी की रिपोर्ट शाहनगर तहसीलदार को सोप दी है।

**इनका कहना है-**

पुरैना गांव मे एक आदिवासी के घर मे आगजनी की सूचना मिली थी पटवारी ने रिपोर्ट सौंपी है।

**श्रीमति कोमल सिंह, तहसीलदार शाहनगर**

## अजयगढ़ में हवाई फायरिंग से फैली दहशत, आरोपी गिरफ्तार



**पन्ना।** हनुमतपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम निमहा में गुरुवार रात एक मामूली विवाद ने अचानक गंभीर रूप ले लिया। खाने-पीने के दौरान शुरू हुआ झगड़ा इतना बढ़ गया कि एक व्यक्ति ने अवैध हथियार निकालकर हवाई फायरिंग कर दी, जिससे पूरे गांव में दहशत फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामाधार यादव (निवासी निमहा) अपने साथियों के साथ बैठकर खा पी रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया। गुस्से में आकर उसने अवैध .315 बोर के कट्टे से हवा में फायर कर दिया। गोली चलने की आवाज सुनते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से अवैध कट्टा भी जब्त कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 201/26 के तहत धारा 125, 115(2) और आर्म्स एक्ट की धारा 25/27 के तहत मामला दर्ज किया है। शुक्रवार, 23 अप्रैल को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई को थाना प्रभारी के निर्देशन में एसआई रतिराम प्रजापति, एएसआई अशोक गौतम, प्रधान आरक्षक मनीष विश्वकर्मा, आरक्षक मनोज पटेल, राजकरन साहू और विनोद अहिरवार की टीम ने अंजाम दिया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की घटनाओं पर सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### एनएसयूआई ने अनुराग ठाकुर का पोस्टर जलाया, पुतला फूंकने की चेतावनी



**छतरपुर।** शहर में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय के बाहर भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष अश्वनी मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सांसद का पोस्टर जलाकर नाराजगी जताई। यह विरोध एक वायरल वीडियो को लेकर किया गया, जिसमें बंगाल चुनाव प्रचार के दौरान तिलक लगाकर और कलावा बांधकर मछली खाने का आरोप सामने आया है। कार्यकर्ताओं ने इसे धार्मिक भावनाओं से जुड़ा मामला बताते हुए आपत्ति जताई और जनप्रतिनिधियों को मर्यादा में रहने की नसीहत दी। प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस मामले पर स्पष्टता नहीं दी गई, तो डाकखाना चौराहे पर सांसद का पुतला फूंका जाएगा।

### कलेक्टर के आदेश की अनदेखी, मुख्य मार्ग पर फिर लगने लगा हाट बाजार



**छतरपुर।** शहर में साप्ताहिक हाट बाजार एक बार फिर मुख्य मार्गों पर लगने लगा है, जिससे प्रशासन के आदेशों की खुलेआम अनदेखी सामने आ रही है। कलेक्टर पार्थ जायसवाल द्वारा कुछ दिन पहले ही यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए बाजारों को निर्धारित स्थानों पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए थे। उस दौरान नगरपालिका द्वारा कार्रवाई करते हुए बाजार को मुख्य सड़कों से हटाया भी गया था। इसके बावजूद अब दुकानदार फिर से मुख्य मार्गों पर दुकानें सजा रहे हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति को लेकर डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सीएमओ आयशा अंसारी ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि कलेक्टर के आदेशों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जल्द कार्रवाई कर व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और यातायात बाधित न हो।

### खजुराहो एयरपोर्ट में सीआईएसएफ द्वारा टीबी जागरूकता व स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**छतरपुर** जिले के खजुराहो एयरपोर्ट स्थित सीआईएसएफ यूनिट रएएसजी परिसर में गुरुवार को विश्व टीबी जागरूकता दिवस के अवसर पर टीबी जागरूकता अभियान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सहायक कमांडेंट प्रशांत ईश्वर चव्हाण के मार्गदर्शन एवं देखरेख में संपन्न हुआ। शिविर में राजनगर अस्पताल के बीएमओ डॉ. अवधेश चतुर्वेदी एवं उनकी टीम ने विशेष सहयोग प्रदान किया। इस दौरान सीआईएसएफ कर्मियों को टीबी के कारण, लक्षण, बचाव एवं समय पर उपचार के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। स्वास्थ्य जांच शिविर में कुल 59 सीआईएसएफ जवानों ने भाग लेकर अपनी स्वास्थ्य जांच कराई और विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जवानों के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति सतर्कता सुनिश्चित करना रहा। आयोजन के अंत में सहायक कमांडेंट प्रशांत ईश्वर चव्हाण ने डॉ. अवधेश चतुर्वेदी एवं उनकी मेडिकल टीम का आभार व्यक्त किया। उपस्थित सभी कर्मियों ने इस पहल को उपयोगी और लाभकारी बताया।

### गर्मी से झुलस रहे मासूम, महिला बाल विकास अधिकारी को नहीं है मासूमों की जिंदगी की परवाह

# भीषण गर्मी में भगवान भरोसे चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र, समय में नहीं हुआ बदलाव

**छतरपुर।** एक ओर भीषण गर्मी के चलते जिला कलेक्टर द्वारा जिले में संचालित निजी एवं शासकीय स्कूलों का समय बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए बदल दिया गया। लेकिन इसके ठीक विपरीत जिले में चल रहे आंगनबाड़ी केन्द्र इन दिनों भगवान भरोसे चल रहे है। भीषण गर्मी के बावजूद आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन समय में अब तक कोई बदलाव नहीं किया गया है। जहां एक ओर तापमान लगातार बढ़ रहा है, वहीं छोटे-छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को तय समय पर केंद्र पहुंचना पड़ रहा है, जिससे उनकी सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका बनी हुई है। क्योंकि भीषण गर्मी में भी आंगनबाड़ी केन्द्रों का समय आज दिनांक तक नही बदला गया है। जिससे बच्चे सुबह 9 बजे आंगनबाड़ी केन्द्रों में जाते है और तपती दोपहर में 2 बजे क़े बाद तक बैठते है। सबसे बड़ी बात यह है कि बच्चे आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्मी से झुलस रहे है, लेकिन एसी में बैठे अधिकारी और कर्मचारी बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल चितिंत नहीं है। इसलिए अभी तक आंगनबाड़ी केन्द्रों का समय बदला नहीं गया है। जबकि आंगनबाड़ी केन्द्रों में कम उम्र के बच्चे अध्यनन करते है। इसके बावजूद भी महिला बाल विकास के जिम्मेदार अधिकारियों ने आंगनबाडडियो का समय बदलने के लिए कलेक्टर के पास अधिकृत कोई प्रस्ताव नही भेजा है। महिला बाल विकास के अधिकारियों और कर्मचारियों के चलते भीषण गर्मी में बच्चे झुलस कर बीमार हो रहे है। जबकि डॉक्टरों की सलाह है कि तापमान में बृद्धि के चलते दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक की धूप का बचाव करना स्वास्थ्य के लिए बहुत ही जरूरी है। लेकिन छतरपुर में महिला बाल विकास के अधिकारी की लापरवाही के चलते बच्चों और उनके अभिभावकों को परेशान होना पड़ रहा है। जबकि कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर एक सप्ताह पहले ही स्कूलों का समय सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक कर दिया था। लेकिन जब महिला बाल विकास के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों ने कलेक्टर के पास कोई प्रस्ताव नही भेजा है इसलिए अभी तक समय नही बदला गया है। वहीं जब इस संबंध में महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय में पदस्थ बाबू धनीराम प्रजापति और लल्लू बाबू से बात की गई तो उनका कहना था कि हमें रिकार्ड देखकर पता करना पड़ेगा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों के खुलने का समय क्या है और अभी समय में बदलाव हुआ या नहीं। वहीं महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी से फोन पर चर्चा करने का प्रयास किया गया तो उनका कहना था कि मैं कुछ देर बाद बात करूंगा। इस तरह विभाग की लापरवाही का खामियाजा भीषण गर्मी में बच्चों को भुगतना पड़ रहा है।

तेज धूप और लू के बीच छोटे-छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को केंद्रों पर आना पड़ रहा है। ऐसे में पर्याप्त ठंडक और पानी की व्यवस्था न होने से उनकी सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका है। कई स्थानों पर पंखों की स्थिति भी खराब है या वे पर्याप्त राहत नहीं दे पा रहे हैं। पता नही कब पंखा टूटकर नीचे आ जाएं लेकिन इसको देखने बाला कोई नही है। सूत्रों से मिली जानकारी क़े अनुसार बच्चों को जो नास्ता और भोजन इस गर्मी में दिया जा रहा है वह भी रात का बना और गुणवत्ता विहीन होता है। कभी भी कोई अधिकारी आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करने नहीं जाते है। इस तरह भर्राशाही के चलते बच्चें पिस रहे है और अधिकारी कमाई कर रहे है।

छतरपुर जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के तहत अखिल राठौर को बड़ामलहरा का नया एसडीएम नियुक्त किया गया है, जबकि आयुष जैन को लवकुशनगर एसडीएम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस फेरबदल को प्रशासनिक कार्यों में गति और प्रभावशीलता बढ़ाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। कलेक्टर द्वारा जारी इस आदेश के बाद दोनों अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर प्रशासन, जनसुनवाई और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की अपेक्षा की गई है। नए पदस्थापना आदेश के बाद संबंधित क्षेत्रों में प्रशासनिक गतिविधियों में तेजी आने की संभावना जताई जा रही है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विधायक का विपक्ष पर हमला




**छतरपुर।** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में सुबह करीब 11 बजे 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस दौरान विधायक एवं पूर्व मंत्री ललिता यादव और जिला अध्यक्ष चन्द्रभान गौतम सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता में महिला आरक्षण से जुड़े इस विधेयक की विस्तार से जानकारी दी गई और इसे महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया गया।

विधायक ललिता यादव ने अपने संबोधन में कहा कि हाल ही में लोकसभा में जो घटनाक्रम हुआ, वह केवल एक संसदीय प्रक्रिया नहीं बल्कि देश की आधी आबादी के अधिकारों से जुड़ा अत्यंत गंभीर विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों के गठबंधन ने 131वें संविधान संशोधन विधेयक को रोककर अपनी महिला विरोधी सोच को उजागर किया है। उनके अनुसार, यह विधेयक महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल था, जिसे राजनीतिक स्वार्थों के कारण बाधित किया गया। उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष, विशेष रूप से राहुल गांधी और उनके सहयोगी दल, महिला सशक्तिकरण को केवल चुनावी मुद्दे के रूप में इस्तेमाल करते हैं, जबकि जमीनी स्तर पर उनकी प्रतिबद्धता दिखाई नहीं देती। भाजपा नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्पष्ट किया कि पार्टी महिलाओं के अधिकारों और उनके राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर पूरी तरह समर्पित है और आने वाले समय में इस विषय पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

## राम नाम की गूंज से भक्ति में डूबा पहाड़गांव

### भव्य शोभायात्रा के साथ संपन्न हुआ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव



**छतरपुर** जिले के पहाडग़ांव में आयोजित श्री श्री अनंत श्री पंच कुण्डात्मक श्री राम महायज्ञ एवं श्री राम-जानकी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह बना रहा।

महोत्सव के दौरान भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें राम दरबार की आकर्षक झांकी विशेष रूप से श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। मंदिर में विराजमान होने वाले राम दरबार की झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। शोभायात्रा में डीजे, बैंड-बाजे और घोड़ों के साथ भक्तों का जोश देखते ही बन रहा था। गांव के मुख्य मार्गों से निकली इस शोभायात्रा में बड़े-बुजुर्गों, युवाओं और मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी रही। पूरा वातावरण ₹जय श्री राम₹ के उद्घोष से भक्तिमय हो उठा।

इस दौरान धार्मिक अनुष्ठानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली मुस्कान बुंदेला, निशि मिश्रा और बिन्नू रानी द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा पुनः कार्यक्रम स्थल किटा खेड़ा भिटाई आश्रम पहुंची, जहां भगवान राम-जानकी का विधि-विधान से विवाह संस्कार संपन्न कराया गया। अंत में विशाल भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक पूर्व विधायक जुझार सिंह जूदेव बुंदेला एवं पूर्व विधायक आशा रानी जी द्वारा सभी श्रद्धालुओं के सहयोग और सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया गया।

### दारू के पैसे न देने पर बवाल: शराबी ने परिवार संग छत से बरसाए पत्थर, कई घायल



**छतरपुर।** जिले के लवकुशनगर थाना क्षेत्र में शराब के पैसे न देने को लेकर हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 014 निवासी रामशंकर प्रजापति अपने साले ओमप्रकाश के साथ ससुराल से घर लौट रहे थे, तभी मोहल्ले के रहने वाले प्रीतम सिंह परिहार ने, जो कथित रूप से नशे में था, उनसे शराब पार्टी के लिए पैसे की मांग की।

जब रामशंकर ने पैसे देने से इंकार किया तो आरोपी भड़क गया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। विवाद बढने पर प्रीतम सिंह ने अपने परिवार के अन्य सदस्यों को भी बुला लिया और सभी ने मिलकर छत पर चढ़कर नीचे खड़े लोगों पर पत्थर बरसाना शुरू कर दिया। अचानक हुए इस हमले से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग घायल हो गए।

पत्थरबाजी में रामशंकर, सुमन और ओमप्रकाश के सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि हरिशंकर और बेयजू को हल्की चोटें आईं। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ मारपीट और एससी-एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित रामशंकर प्रजापति ने आरोपी को गुंडा प्रवृत्ति का बताते हुए अपने परिवार की जान को खतरा होने की आशंका जताई है।

## संघ की प्रमुख जन गोष्ठी आयोजित, संगठित और समृद्ध भारत निर्माण का लिया संकल्प



**छतरपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर समाज की सज्जन शक्ति को साथ लेकर संगठित, समर्थ और समृद्ध भारत निर्माण के संकल्प को लेकर एक प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के जगदीश चंद्र बोस सी.सी. सभागार में किया गया। इस गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में जे. नन्दकुमार (अखिल भारतीय संयोजक, प्रज्ञा प्रवाह) उपस्थित रहे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विनोद दुबे, जिला संघचालक मंचासीन रहे।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले लगभग 100 वर्षों से सुसंस्कृत, अनुशासित और राष्ट्र के प्रति समर्पित स्वयंसेवकों का निर्माण करते हुए समाज को संगठित करने का कार्य कर रहा है, जिसका उद्देश्य भारत को परम वैभव तक पहुंचाना है। मुख्य वक्ता जे. नन्दकुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि आत्ममंथन के अवसर के रूप में समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को समाज के बीच जाकर संघ के विचारों को पहुंचाना होगा और यह देखना होगा कि अभी कितना कार्य शेष है।

उन्होंने संघ के इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया कि केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा 1925 में संघ की स्थापना की गई थी, जबकि इससे पहले भी संगठन बिना नाम और औपचारिक संरचना के कार्य करता रहा। सही दिशा और उद्देश्य के कारण संघ निरंतर विस्तार करता गया और आज उसके विचार विश्व स्तर तक पहुंच रहे हैं। अपने संबोधन में उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए त्याग और सेवा दोनों आवश्यक आधार हैं। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही राष्ट्र को शक्तिशाली बना सकता है और हर व्यक्ति को यह सोचना चाहिए कि देश उसे सब कुछ देता है, लेकिन वह देश को क्या दे रहा है।

नन्दकुमार ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि भारत का मूल स्वरूप सांस्कृतिक रूप से सशक्त रहा है और समाज के परिवर्तन के लिए व्यक्ति निर्माण अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों की जिज्ञासाओं का समाधान भी उन्होंने किया। इस अवसर पर विभाग प्रचारक शिवेंद्र जी, घुमंतू जाति प्रमुख भालचंद्र जी, सीताशरण अग्निहोत्री सहित संघ एवं समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप, परिजनों ने एसपी से लगाई गुहार



**छतरपुर।** जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम थरा से 15 वर्षीय नाबालिग युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार 19 अप्रैल 2025 को युवती अचानक घर से गायब हो गई, जिसके बाद परिजनों ने पहले अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद परिजनों ने सिटी कोतवाली थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।परिजनों का आरोप है कि गांव का ही 22 वर्षीय युवक दशरथ कुशवाहा युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। घटना के चार से पांच दिन बीत जाने के बावजूद भी पुलिस अब तक युवती का कोई सुराग नहीं लगा सकी है, जिससे परिवार की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। परिजनों ने आशंका जताई है कि युवती के साथ कोई अनहोनी भी हो सकती है। गुरुवार को पीड़ित परिवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और ज्ञापन सौंपकर जल्द कार्रवाई की मांग की। उन्होंने प्रशासन से मामले की गंभीरता को देखते हुए युवती की शीघ्र बरामदगी की गुहार लगाई है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और युवती की तलाश के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## डीटीएबी के फैसले पर भड़का फार्मासिस्टों का गुस्सा

### संशोधन प्रस्ताव के विरोध में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**छतरपुर।** ड्रग टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड (डीटीएबी) द्वारा औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम 1945 के नियम 64 में संशोधन के प्रस्ताव के विरोध में एम.पी फार्मासिस्ट एसोसिएशन छतरपुर ने मोर्चा खोल दिया है। एसोसिएशन के सदस्यों ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपकर अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। इस दौरान जिला अध्यक्ष रवि मोहन सिन्हा ने डीटीएबी के फैसले की निंदा करते हुए कहा कि एक ओर देश विकसित भारत 2047 का लक्ष्य लेकर चल रहा है, वहीं दूसरी ओर सक्षम व्यक्ति की योग्यता को कमजोर करने वाले ऐसे प्रस्ताव विभाग की समझ की कमी को दर्शाते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि दवाओं को सामान्य व्यापारिक वस्तु की तरह उपलब्ध कराने की यह कोशिश भारत को अस्वस्थ समाज की ओर धकेल देगी। कार्यकारिणी सदस्य डॉ. लोकेंद्र भट्ट ने इस प्रस्ताव पर सवाल उठाते हुए कहा कि आधुनिक दवाएं अत्यंत शक्तिशाली होती हैं जिनके कई दुष्प्रभाव और दुरुपयोग की संभावनाएं रहती हैं। ऐसी दवाओं को पंजीकृत फार्मासिस्ट के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति द्वारा संभाला जाना विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतर्राष्ट्रीय फार्मास्यूटिकल महासंघ के गुड फार्मेसी प्रैक्टिस मानकों का खुला उल्लंघन है। एसोसिएशन ने ज्ञापन के माध्यम से केंद्र सरकार से मांग की है कि डीटीएबी की इस सिफारिश को पूरी तरह अस्वीकार किया जाए और औषधि एवं प्रसाधन नियम 1945 में प्रतिबंधित लाइसेंस के प्रावधान को हमेशा के लिए खत्म किया जाए, क्योंकि वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में भी फार्मासिस्टों की कोई कमी नहीं है। इस अवसर पर संगठन सचिव प्रदीप पटेरिया, मजहर खान, जिला उपाध्यक्ष मोतीलाल अहिर्वार सहित भारी संख्या में एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### बोलेरो—बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल

**रीवा।** जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सौर के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें बोलेरो और बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम संसारपुर निवासी अवनीश पटेल अपनी पत्नी दया कुमारी को बाइक से उपचार हेतु बैकुंठपुर की ओर लेकर जा रहे थे। जैसे ही वे ग्राम सौर के समीप पहुंचे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दंपति सड़क से दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल दंपति को संभालते हुए एंबुलेंस की व्यवस्था कर अस्पताल भिजवाया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही बैकुंठपुर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो वाहन को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है। थाना प्रभारी के अनुसार मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है और दुर्घटना के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

### नरवाई न जलाने तथा इससे जैविक खाद बनाने की सलाह

**रीवा ।** कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को गेंहू तथा अन्य फसलों को काटने के बाद बचे हुए अवशेष (नरवाई) नहीं जलाने की सलाह दी गई है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने कहा है कि नरवाई जलाने से एक ओर जहां खेतों में अग्नि दुर्घटना की आशंका रहती है। वहीं मिट्टी की उर्वरकता पर भी विपरीत असर पाता है। इसके साथ ही धुएँ से कार्बन डायआक्साइड की मात्रा वातावरण में जाती है जिससे वायु प्रदूषण होता है। मिट्टी की उर्वरा शक्ति लगभग 6 इंच की ऊपरी सतह पर ही होती है। इसमें खेती के लिए लाभदायक मित्र जीवाणु उपस्थित रहते हैं। नरवाई जलाने से यह नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति को नुकसान होता है। नरवाई जलाने की बजाए यदि फसल अवशेषों को एकत्रित करके जैविक खाद बनाने में उपयोग किये तो यह बहुत लाभ दायक होगा। नाडेप तथा वर्मी विधि से नरवाई से जैविक खाद आसानी से बनाई जा सकती है। इस खाद में फसलों के लिए पर्याप्त पोषक तत्व रहते हैं। इसके आलावा खेत में रोटावेटर अथवा डिस्क हैरो चलाकर भी फसल के बचे हुए भाग को मिट्टी में मिला देने से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है। उप संचालक ने बताया कि गेंहू की फसल के बाद नरवाई को खाद में बदलने तथा बिना जुताई किए फसलों की बोनी के लिए सुपर सीडर तथा हैप्पी सीडर का उपयोग बहुत लाभकारी है। इससे नरवाई नष्ट होने के साथ जुताई और बुवाई का खर्च और समय दोनों बचेगा। साथ ही नरवाई से खाद भी बन जाएगी।

### विदेश में पढ़ाई के लिए अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**रीवा ।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा विदेश में उच्च शिक्षा के लिए अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दे रहा है। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने बताया कि पूरे प्रदेश से 50 विद्यार्थियों का चयन विदेशों में स्नातकोत्तर एवं शोध उपाधि के लिए किया जाता है। राज्य शासन द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा शोध उपाधि प्राप्त करने के लिए अनुसूचित जनजाति के जो पात्र विद्यार्थी विदेश में किसी मान्य विश्वविद्यालय में प्रवेश लेते हैं तो उन्हें छात्रवृत्ति के रूप में यूनिवर्सिटी की फीस की वास्तविक व्यय राशि अथवा 40 हजार अमेरिकन डॉलर इनमें से जो कम हो दिया जाता है। इसके साथ-साथ निर्वाह भत्ता के रूप में 9 हजार अमेरिकन डॉलर और आकस्मिक भत्ते के रूप में एक हजार अमेरिकन डॉलर दिए जाते हैं।

# राजस्व अधिकारियों ने किया खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण

जिले भर में 15 अप्रैल से पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा राजस्व अधिकारियों तथा उपार्जन से जुड़े विभागों के अधिकारियों को खरीदी केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।



रीवा ।

राजस्व अधिकारियों द्वारा खरीदी केन्द्रों का लगातार निरीक्षण करके व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है। एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल बैकुंठपुर खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों को दी जा रही सुविधाओं, बारदानों की उपलब्धता तथा खरीदे गए गेंहू के उठाव के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने सिरमौर में भी दो खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। एसडीएम गुढ़ सुधाकर सिंह ने खरीदी केन्द्र महसांव का निरीक्षण करते हुए किसानों से गेंहू की गुणवत्ता, तौल तथा भुगतान की जानकारी ली। खरीदी केन्द्र में गेंहू के भण्डारण की भी जानकारी ली गई। इसके साथ-साथ सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदारों द्वारा भी खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करके व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

### समर्थन मूल्य पर 11522 टन हुई गेंहू की खरीद

रीवा । किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। अब तक 4119 किसानों से 11522 मीट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया गया है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि गेंहू उपार्जन के लिए अब तक 15708 किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं। उपार्जन के लिए सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध करा दिए गए हैं। जिले में 76 खरीदी केन्द्रों में गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। उपार्जन के लिए जिले में 47902 किसानों ने पंजीयन कराया है। इनसे 12 मई तक गेंहू का उपार्जन किया जाएगा।



## जिले में हो रही यूपी निर्मित शराब की तस्करी

# आबकारी विभाग की कार्रवाई 56 लीटर शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

रीवा।

जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बुधवार सुबह गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटरा में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने एक मकान पर दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की, जिसमें उत्तर प्रदेश में निर्मित शराब भी शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार, जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने ग्राम कटरा निवासी राजेंद्र जैसवाल (45 वर्ष) के घर पर योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की। कार्रवाई का नेतृत्व आबकारी अधिकारी अखिलेश्वर सिंह ठाकुर एवं नेहा प्रजापति ने किया। टीम के साथ अन्य विभागीय कर्मचारी भी मौजूद रहे।दबिश के दौरान आरोपी के घर से 12 पेटियों में रखी देसी एवं अंग्रेजी शराब बरामद की गई। जब्त शराब की कुल मात्रा 56 लीटर से अधिक बताई जा रही है। खास बात यह रही कि बरामद शराब में उत्तर प्रदेश में निर्मित शराब भी पाई गई, आबकारी विभाग ने मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

## शहर के समान थाना क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस

# होटल के कमरे में मिला युवक-युवती के शव, प्रेम प्रसंग की आशंका

रीवा।

शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित एक होटल के कमरे में युवक और युवती के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल भिजवाया। प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, होटल के एक कमरे में युवक और युवती मृत अवस्था में पाए गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि दोनों एक ही गांव के निवासी थे और एक दिन पूर्व अपने-अपने घरों से निकले थे, जिसके बाद से लापता थे। दूसरे दिन शहर के बाईपास स्थित होटल में उनके शव मिलने की सूचना सामने आई।



मृतकों की पहचान सतना जिले के रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेला निवासी रवि साकेत (25 वर्ष) एवं काजल साकेत (21 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों के बीच पूर्व से ही प्रेम संबंध होने की बात सामने आई है। परिजनों के अनुसार, युवती घर से बाजार जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। जब उसकी तलाश शुरू की गई तो गांव का ही युवक रवि साकेत भी लापता पाया गया। परिजन दोनों की खोजबीन में जुटे थे, इसी दौरान गांव के एक युवक से उनकी मौत की सूचना मिली, जिसके बाद परिजन तत्काल रीवा पहुंचे और होटल में घटना की पुष्टि की। युवती के चचेरे भाई ने बताया कि दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस का कहना है कि होटल के रजिस्टर, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि घटना आत्महत्या है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है।

## जिला स्तरीय आधार मानीटरिंग समिति की बैठक संपन्न

# विद्यालयों में कैंप लगाकर विद्यार्थियों के आधार कार्ड बनवायें - प्रभारी कलेक्टर



रीवा ।

नागरिकों को आधार सेवाओं का सुलभ और त्वरित लाभ दिलाये जाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय आधार मानीटरिंग समिति की बैठक प्रभारी कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने निर्देश दिये कि विद्यालयों में कैंप लगाकर विद्यार्थियों के आधार कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि 15 वर्ष से अधिक आयु के विद्यार्थियों के जिले में काफी संख्या में आधार बनने हैं। आधार कार्ड शासकीय योजनाओं एवं छात्रवृत्ति आदि के लाभ में आवश्यक है अतः प्राथमिकता से शिविर लगाते हुए प्रचार प्रसार कर शत प्रतिशत बच्चों के आधार कार्ड बनवायें। उन्होंने 15 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों व अन्य व्यक्तियों के भी आधार कार्ड बनाने को प्राथमिकता देने के निर्देश बैठक में दिये। बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने आधार में दर्ज निवास पते को बारबार बदलने की प्रक्रिया में शिथिलता किये जाने के संबंध में परामर्श दिया तथा राज्य स्तर से निर्देश जारी करने की अपेक्षा की साथ ही आधार सेवाओं की गुणवत्ता व विभागों के समन्वय पर जोर दिया। बैठक में निर्देश दिये गये कि नगरीय क्षेत्र में कम से कम एक बैंक की शाखा में आधार केन्द्र का संचालन हो। तहसील स्तर पर 18 वर्ष से अधिक आयु के लंबित नामांकन और 100 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तत्काल निराकृत करने के निर्देश दिए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग को जिले की सभी आधार मशीनों को तत्काल क्रियाशील कर नियमित सेवाएं शुरू करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में यूआईडीएआई दिल्ली के परियोजना प्रबंधक निकेत दीवान द्वारा तकनीकी जानकारी दी गई। इस दौरान जिला ई-प्रबंधक आशीष दुबे ने ऑपरेटरों को सुचारू संचालन हेतु आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने नामांकन के दौरान होने वाली त्रुटियों को शून्य करने और नागरिकों के साथ शालीन व्यवहार करने की बात कही। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्र, डीपीसी राजेश तिवारी, इंडिया पोस्ट के अधिकारी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# गैलेंडर मशीन से ताला काटकर मोबाइल दुकान में लाखों की चोरी

## गैस सिलेंडर तक ले उड़े चोर

### वारदातों से व्यापारियों में दहशत



**रीवा।** शहर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और अब चोर पहले से अधिक शातिर और तकनीकी तरीके अपनाते नजर आ रहे हैं। ताजा मामला शहर के करहिया क्षेत्र स्थित इमली चौराहे का है, जहां अज्ञात बदमाशों ने एक मोबाइल दुकान का ताला गैलेंडर (कटर) मशीन से काटकर करीब ढाई लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। इतना ही नहीं, चोर दुकान में रखा भरा हुआ गैस सिलेंडर भी अपने साथ ले गए। जानकारी के मुताबिक, इमली चौराहे पर संचालित अनुज मोबाइल रिपेयरिंग दुकान को बीती रात निशाना बनाया गया। चोर पूरी तैयारी के साथ मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने पहले दुकान के बाहर लगे बिजली मीटर से तार जोड़कर बिजली सप्लाई ली और फिर कटर मशीन की मदद से दुकान का ताला काट दिया। ताला टूटते ही चोर आसानी से दुकान के भीतर घुस गए और वहां रखे नए-पुराने मोबाइल फोन, महंगे एसेसरीज और अन्य सामग्री समेटकर फरार हो गए। चोरी गए सामान की कीमत करीब 2.5 लाख रुपये बताई जा रही है। घटना की जानकारी दुकान संचालक को उस समय हुई जब वह सुबह दुकान खोलने पहुंचे। दुकान का ताला टूटा हुआ था और अंदर का सामान अस्त-व्यस्त हालत में पड़ा मिला। यह देख उनके होश उड़ गए। आसपास के लोगों को सूचना देने के बाद तत्काल पुलिस को खबर दी गई। इस वारदात की एक खास बात यह भी रही कि चोरों ने दुकान में रखा समोसे के ठेले का भरा हुआ गैस सिलेंडर भी नहीं छोड़ा। चोरी के दौरान वे उसे भी अपने साथ ले गए, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बदमाश कितनी बेखौफ तरीके से वारदात को अंजाम दे रहे हैं। सूचना मिलते ही चोरहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपियों की पहचान हो सके। वहीं, अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

# जिला स्तरीय पोषण पखवाड़ा का भव्य समापन



**मऊगंज।** महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार 09 अप्रैल से 23 अप्रैल तक चले पोषण पखवाड़ा का समापन गुरुवार को जिला स्तरीय पोषण मेले के भव्य आयोजन के साथ हुआ। कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देशन एवं जनपद अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य, पोषण और जन-जागरूकता का अनूठा संगम देखने को मिला।कार्यक्रम में किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए कक्षा 10 से 12वीं तक की छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. प्रदुम शुक्ला एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। वहीं एक वर्ष तक के बच्चों का वजन और शारीरिक माप लेकर उनके पोषण स्तर का आकलन किया गया।पोषण विशेषज्ञ डॉ. रामभुवन पटेल एवं प्रोफेसर प्रमोद प्रजापति ने उपस्थित जनसमूह को संतुलित आहार, कुपोषण से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर जागरूक किया।मेले का मुख्य आकर्षण आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लगाई गई स्थानीय व्यंजनों की प्रदर्शनी रही, जिसमें टेक होम राशन से बने बर्फी, लड्डू, दालों के व्यंजन, दही बड़ा, मंगौड़ी, भजिया, हलुआ, महुआ से बने पारंपरिक खाद्य पदार्थ, खीर एवं फ्रूट कस्टर्ड जैसे पौष्टिक व्यंजनों ने सबका ध्यान आकर्षित किया। इसके साथ ही अनाजों से बनाई गई आकर्षक रंगोली और हरी पत्तेदार सब्जियों व मौसमी फलों की प्रदर्शनी ने लोगों को पोषण के प्रति प्रेरित किया।स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा में चयनित 8 बच्चों को जनपद अध्यक्ष द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं खिलौने देकर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों और अभिभावकों में उत्साह का माहौल रहा।कार्यक्रम की सफल रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं का संचालन परियोजना अधिकारी निर्मला शर्मा द्वारा किया गया। वहीं ब्लॉक समन्वयक अविनाश कुमार पाण्डेय ने पोषण पखवाड़ा गतिविधियों की ऑनलाइन प्रविष्टि संबंधी जानकारी देकर हितग्राहियों को जागरूक किया।इस अवसर पर पर्यवेक्षक मंजू पाण्डेय, शांति पटेल, सरोज साकेत एवं आभा मरकाम ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं त्रिवेणी बहुउद्देशीय जन कल्याण संस्था एवं अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी के जिला समन्वयक सुरेंद्र कुमार चतुर्वेदी एवं आशीष कुमार शुक्ला ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर बाल विवाह रोकथाम और उसके दुष्परिणामों को लेकर लोगों को जागरूक किया।पोषण मेला ने यह संदेश दिया कि सही आहार,जागरूकता और सामूहिक प्रयास से ही कुपोषण को जड़ से खत्म कर स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है।

### प्राथमिक स्कूल के विद्यार्थियों के लिए आज से रहेगा अवकाश
### गर्मी के कारण प्राथमिक स्कूलों में घोषित की गई छुट्टी

**रीवा ।** जिले में तापमान में लगातार वृद्धि होने के कारण तथा सुबह 11 बजे से ही तेज धूप एवं लू का प्रकोप होने के कारण प्रभारी कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने सभी प्राथमिक स्कूलों में 24 अप्रैल से 30 अप्रैल तक अवकाश के आदेश दिए हैं। इन स्कूलों में 30 अप्रैल से ग्रीष्मकालीन अवकाश पूर्व से ही घोषित है। अवकाश का आदेश सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त स्कूलों, केन्द्रीय विद्यालय जवाहर नवोदय विद्यालय तथा अन्य सभी मान्यता प्राप्त प्राथमिक स्कूलों में लागू होगा। इस अवधि में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक की कक्षाएं सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित होंगी। सभी स्कूलों के शिक्षक उपस्थित होकर कार्यालयीन कार्य करेंगे। अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए घोषित किया गया है।




# मरीजों की सुविधा के लिए बड़ी पहल

## सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में आयुष्मान, ईसीएचएस और एबीडीएम के नए एकीकृत कार्यालय प्रारंभ

रीवा ।

मध्यप्रदेश के विंध्य क्षेत्र में सबसे बड़े चिकित्सा केंद्र, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ने मरीजों को प्राप्त होने वाली सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए आयुष्मान कार्यालय को आधुनिक एकीकृत केंद्र में स्थानांतरित कर दिया गया है। अब आयुष्मान भारत, ईसीएचएस (पूर्व सैनिक योजना) और एबीडीएम (डिजिटल मिशन) की सभी सेवाएं एक ही काउंटर में उपलब्ध होंगी, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को अलग-अलग काउंटरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। अधीक्षक डॉ. अक्षय श्रीवास्तव ने बताया कि पुराने काउंटरों की जगह अब आधुनिक काउंटर बनायें गये हैं। यहां सभी विभागों के आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों के लिए कार्ड वेरिफिकेशन से लेकर क्लेम प्रोसेसिंग तक की सुविधा एक ही स्थान पर मिलेगी। सेना के रिटायर्ड जयानों और उनके परिवारों के लिए ईसीएचएस के समन्वय से एक समर्पित विंग बनाई गई है, जो सीधे सुपर स्पेशलिटी सेवाओं के लिए रेफरल और कैशलेस भर्ती का कार्य देखेगी। इसी प्रकार डिजिटल हेल्थ एबीडीएम डेस्क में डिजिटल रिकॉर्ड प्रबंधन के लिए उन्नत सिस्टम लगाए गए हैं। मरीज यहाँ अपना आभा आईडी बनवा सकते हैं और अपने पुराने मेडिकल रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से सिंक कर सकते हैं। अधीक्षक ने बताया कि यह स्थानांतरण केवल जगह का बदलाव नहीं है, बल्कि सेवाओं की गति बढ़ाने का प्रयास है। चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. सुनील अग्रवाल के सहयोग से नए केंद्र में नौ काउंटर कंप्यूटर सिस्टम सहित स्थापित किये गए हैं ताकि प्रतीक्षा समय को कम किया जा सके। यह अस्पताल अब इस क्षेत्र का एकमात्र ऐसा शासकीय केंद्र बन गया है जहाँ तीनों राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजनाओं के लिए अत्याधुनिक एकीकृत बुनियादी ढांचा उपलब्ध है।